FORM No. III

फर्द अहकाम

(नियम)

न्यायालय उपखण्ड अधिकारी कुचामन सिटी जिला नागौर(राज0)

प्रार्थी

राजस्थान राज्य सरकार जरिये
तहसीलदार कुचामनसिटी जिला नागौर

किस्म मुकदमा प्रार्थना–पत्र धारा 136 R.L.R.Act 1956

प्रार्थना–पत्र नम्बर –68/ **2021** **GCMS No.** 2021/78

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
03/03/2021	राजस्थान राज्य सरकार की ओर से जरिये तहसीलदार कुचामनसिटी की ओर से प्रार्थना–पत्र धारा 136 R.L.R.Act 1956 तहत प्रस्तुत किया। प्रार्थना–पत्र दर्ज रजिस्टर हो। प्रस्तुत प्रकरण का अवलोकन किया गया। तहसीलदार कुचामनसिटी द्वारा अवगत कराया है कि ग्राम मण्डावरा के खसरा नम्बर 840/797 रकबा 0.1133 हैक्टर की तरमीम नक्शे लठ्ठे में सुव्यवस्थित ढ़ंग से मौके अनुसार शुद्व रूप से अंकित की हुई है इस तरमीम को ऑनलाईन व भू–नक्शा में तरमीम कार्य करते समय करवाई गई परन्तु खसरा नम्बर 840/797 रकबा 0.1133 हैक्टर की तरमीम ऑनलाईन भू नक्शे में लिपिकीय भूल से अशुद्व रूप से दर्ज हो गई। खसरा नम्बर 840/797 रकबा 0.1133 हैक्टर की तरमीम नक्शा लठ्ठा में की गई तरमीम के अनुसार ऑनलाईन भू नक्शे में शुद्व रूप करने के आदेश प्रदान करावें, मौका रिपोर्ट पटवारी हल्का/भू.अ.नि. व नकल खतौनी, नक्शा प्रस्तुत किये है। प्रार्थना–पत्र दर्ज रजिस्टर किया गया। पत्रावली पर उपलब्ध दस्तावेजात इत्यादि का अवलोकन किया गया। ग्राम मण्डावरा पटवार हल्का मण्डावरा तहसील कुचामनसिटी के नामान्तरकरण संख्या 528 दिनॉक 20.10.2016 अनुसार खसरा नम्बर 797/165 रकबा 1.41 हैक्टर [illegible] जाति जाट सा. देह खातेदार द्वारा खुशबू [illegible] सुरेन्द्र गौड जाति ब्राहम्ण सा. कुचाम[illegible] खसरा नम्बर 840/797 रकबा [illegible] हुआ तथा शेष भूमि खसरा नम्बर 797/165 रकबा 1.[illegible]7 हैक्टर दीपाराम [illegible] नाम दर्ज रही, उक्त बेचान के अनुसार राजस्व नक्शे में यथास्थान भूमि तरमीम की गई, परन्तु ऑनलाईन तरमीम करते समय लिपिकीय भूल से गलत तरमीम हुई है, उक्त दुरूस्ती को सही करने हेतु भू.अ.निरीक्षक मण्डावरा एवं	

Signature Not Verified
Digitally signed by Babu Lal Jat
Date: 2021.04.23 17:30:44 IST
Reason: SelfAttested

पटवारी हल्का मण्डावरा द्वारा संयुक्त रूप से मौका रिपोर्ट दिनॉक 22.12.2020 को तैयार कर तहसीलदार कुचामनसिटी के समक्ष प्रस्तुत की गई। तहसीलदार कुचामनसिटी द्वारा उक्त संबंध में दुरूस्ती हेतु प्रकरण 136 के तहत तैयार कर इस न्यायालय में प्रस्तुत किया। जिसके अवलोकन से स्पष्ट है कि प्रस्तुत नक्शा ट्रेस पटवारी हल्का द्वारा जारी नकल दिनॉक 19.11.2020 एवं ऑन लॉईन नक्शा प्रति दिनॉक 19.11.2020 में भिन्नता है। इसलिए प्रार्थीया खातेदार खुशबू के हिस्से की भूमि को नक्शा ट्रेस ऑनलाईन में मौका रिपोर्ट अनुसार दुरूस्त किया जाना उचित प्रतीत होता है।

अतः तहसीलदार कुचामनसिटी को आदेशित किया जाता है कि ग्राम मण्डावरा के खसरा नम्बर 840/797 रकबा 0.1133 हैक्टर भूमि को नक्शा ट्रेस ऑनलाईन को ऑफ लाईन नक्शा अनुसार दुरूस्त किया जावें, मौका रिपोर्ट दिनॉक 22.12.2020 आदेश का भाग रहेगी। उक्त अनुसार दुरूस्ती हेतु तहसीलदार कुचामनसिटी को तहरीर जारी हो।

आदेश आज दिनॉक 03/03/2021 को सरे इजलास सुनाया गया।

(बाबूलाल जाट)
उपखण्ड अधिकारी
कुचामनसिटी(नागौर)

उपखण्ड अधिकारी
कुचामन सिटी (नागौर)

Signature Not Verified

Digitally signed by Babu Lal Jat
Date: 2021.04.23 17:30:44 IST
Reason: SelfAttested

मौका रिपोर्ट

दिनांक :- 22/12/2020

श्रीमान् जी ग्राम मण्डावरा के ख०न० 840/797 रकबा 0.1133 है० के खातेदार खुशबू पत्नी सुरेन्द्र गोड जाति ब्राह्मण निवासी कुचामन सिटी के ~~[illegible]~~ ख०न० 840/797 को लट्ठा नक्शा से ऑनलाइन भू-नक्शा में तरमीम करते समय अशुद्ध तरमीम दर्ज हो गई है, तब इस प्रार्थना-पत्र के संदर्भ में नक्शा लट्ठा व भू-नक्शा दोनों में तरमीम का मिलान किया गया तो प्रार्थी के ख०न० 840/797 का नक्शा निम्न प्रकार पाया गया। इसका नजरी नक्शा निम्न प्रकार है।

नक्शा लट्ठा जिसमें शुद्ध रूप से तरमीम दर्ज है



ऑनलाइन भू-नक्शा जिसमें अशुद्ध तरमीम दर्ज है



इस प्रकार नक्शा लट्ठा से ऑनलाइन तरमीम करवाते समय भूलवश गलती से इनके ख०न० की तरमीम गलत दर्ज हो गई जिसको मौके एवं रिकॉर्ड की स्थिति के अनुसार दुरुस्त किया जाना है। मौके पर खातेदार खुशबू गौड पुत्र सुरेन्द्र गौड जाति ब्राह्मण तथा इनको पूर्व में बेचान कर्ता दीपाराम पुत्र डूँगाराम जाति जाट तथा पडोसी खातेदार मौके पर उपस्थित मिले जिनके समक्ष मौका देखा गया तथा तरमीम शुद्ध करवाने के बारे में बताया गया जिस पर उपस्थित खातेदारों ने अपनी सहमति प्रदान की तथा नक्शा लट्ठा में दर्ज तरमीम के अनुसार ऑनलाइन नक्शा में तरमीम करने हेतु अपनी सहमति प्रदान की तथा हस्ताक्षर किये गये।

मौका फर्द उपस्थित को पढ़कर सुनाई गई बाद हस्ताक्षर करवाए गये।

Signature Not Verified
Digitally signed by Babu Lal Jat
Date: 2021.04.23 17:30:44 IST
Reason: SelfAttested

(हस्ताक्षर)
पटवारी मण्डावरा

LR 08.1.21

मंगलाराम

दीपाराम

ILR [illegible]
22/12/2020